जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/295 दिनांक : 19.03.2020

// अत्यावश्यक //

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय अग्रणी महाविद्यालय,
जिला - शिवपुरी, गुना, भिण्ड एवं दतिया
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 मूल्यांकन की बैठक के संबंध में बैठक की सूचना बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक - वार्षिक मुख्य परीक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष मार्च-अप्रैल, 2020 के मूल्यांकन हेतु उपरोक्तानुसार अग्रणी महाविद्यालयों को शासन के निर्देशानुसार मूल्यांकन कार्य हेतु नोडल केन्द्र बनाया जाता है। प्राचार्य अपने महाविद्यालय में मूल्यांकन कार्य हेतु एक शिक्षक को मूल्यांकन समन्वयक नियुक्त करेंगे।

इस संबंध में चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश हेतु दिनांक 20 मार्च, 2020 को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के भण्डारकर कक्ष में बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर भी उपस्थित रहेंगे। प्राचार्य अपने साथ नियुक्त किए गए मूल्यांकन समन्वयक तथा एक प्रशिक्षित कुशल कम्पूटर आपरेटर को साथ लेकर आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

परीक्षा अत्यावश्यक अधिनियम एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुरूप पालनार्थ एवं सहयोग की अपेक्षा के साथ।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, (उच्च शिक्षा), मोती महल, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. कुलसचिव महोदय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।

उप- कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)

विपिन पत्र